**तापमान**

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026



11 भीषण गर्मी में वनांचल का देसी कूलेंट बना मड़िया





12 बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता सामाजिक न्याय का प्रतीक : राजीव






# जिले में 11 नई समितियों का शुभारंभ; एक ही छत के नीचे मिलेंगी 35 प्रकार की सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर/रसेला

प्रदेश में नवगठित 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का वर्चुअल शुभारंभ बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में एवं सहकारिता मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। गरियाबंद जिले में कुल 11 नई समितियों में कोदोबतर, कोदोपाली, बिन्द्रानवागढ़, कुड़ेरादादर, तर्रा, श्यामनगर, किरवई, सिर्रीकला, खुटगांव, सीनापाली एवं चिचिया का गठन किया गया है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से स्थानीय किसानों एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिससे जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है। वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम के साथ-साथ जिले में नवगठित समितियों मे भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। नवीन समितियों के वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम तर्रा में छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, खुटगाँव में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, कोदोपाली में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिमा ठाकुर, बिंद्रानवागढ़ में कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर तथा सहायक आयुक्त सहकारिता महेश्वरी तिवारी एवं विभागीय, बैंक, समिति के कर्मचारियों उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने विधिवत ▶▶|शेष पेज 11 पर

**'सरकार की नीतियां पूरी तरह से किसान, मजदूर और वनवासी हितैषी'**





### स्थानीय लाभ और सुविधाएं

कार्यक्रम को जनपद सदस्य भीम निषाद और भाजपा जिला कार्यालय मंत्री ने भी संबोधन में कहा कि सहकारी समिति के शुरू होने से स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें आवश्यक संसाधन गांव में ही उपलब्ध होंगे। इससे किसानों को भटकना नहीं पड़ेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर भगवान ठाकुर बुरव राम ध्रुव, नागेंद्र ध्रुव, सरपंच कोदोबतर मीणा भाई ध्रुव, सरपंच गुटकुनवापारा सोमलाल, जीतेश्वर साहू, मुकेश साहू, भीकम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कृषक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम जयंती 19 को

**नवापारा-राजिम।** शहर में ब्राह्मण समाज द्वारा 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विप्र भवन में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भगवान परशुराम जयंती को विशेष और भव्य रूप देने की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम की शुरूआत विप्र भवन में भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ होगी, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए कोर कमेटी के सदस्य मधुसुदन शर्मा, कैलाश शुक्ला, रमेश तिवारी, श्याम किशोर शर्मा, सौरभ शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, मनहरन शर्मा, प्रशांत मिश्रा सहित अन्य लोग सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। जयंती के अवसर पर प्रसादी वितरण का भी भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

### संग्रहण के लिए तैयार हो रहा हरा सोना



**रसेला।** क्षेत्र में बूटा कटाई के बाद अब संग्रहण के लिए हरा सोना कहे जाने वाला तेंदूपत्ता तैयार हो रहा है। इस साल बेहतर ढंग से किए गए बूटा कटाई शाखकर्तन कार्य के परिणाम स्वरूप तेंदूपत्ता की झाड़ियां में उच्च गुणवत्ता के कोमल तेंदूपत्ते निकलने लगें हैं। इसकी तोड़ाई मई के पहले सप्ताह या दूसरे सप्ताह में शुरू हो जाएगी। इसकी तैयारी संग्राहक भी कर रहे हैं। संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 5500 हजार रूपए मिलता है। तेंदूपत्ता संग्राहकों ने बताया कि इससे कुछ ही दिन में रोजगार में अच्छी कमाई होती है। तेंदूपत्ता संग्रहण के सीजन में घर के सभी सदस्य इस कार्य में शामिल होते हैं, ताकि अधिक से अधिक पत्ते की तोड़ाई की जा सके। तेंदूपत्ता संग्राहक देवलाल बारिक, कुबेर बारिक, भुवेन्द्र मरकाम, गिरवर सोरी, जनकराम यादव, भानु कोमर्रा, संतराम कोमर्रा, फगनु ठाकुर, वेदव्यास निषाद, भागवत कोमर्रा, लखन यादव, नारायण सिंह ठाकुर आदि ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारी कुछ महीने पहले से शुरू कर देते हैं। इसमें तेंदूपत्ता के लिए बूटा कटाई, रस्सी सहित आवश्यक तैयारी किया जाता है। उन लोगों ने बताया कि अभी पत्ते के आकार और रंग में अच्छा परिवर्तन हो रहा है।

### देशी प्लेन शराब बरामद एक आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** बाइक से देशी शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति देशी शराब भट्ठी सितली नाला से अधिक मात्रा में शराब लेकर स्कूटी से भलेसर रोड की ओर जाने वाला है। इसके बाद पुलिस ने भलेसर आम बगीचा के पास पहुंचकर आरोपी दानेश्वर साहू पिता हेमलाल साहू (22 साल) निवासी वार्ड नं 26 कुम्हार पारा महासमुंद के कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2880 रुपए और एक एक्टिवा वाहन को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

## समस्या : केवाईसी करवाने लंबी दूरी तय करना पड़ रहा ग्रामीण महिलाओं को

# वनांचल में महतारी वंदन के केवाईसी पर भारी पड़ रहा खराब नेटवर्क, गोद में बच्चे, कतार में महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी अनिवार्य किए जाने से ग्राम पंचायतों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर और सर्वर की लुका-छिपी ने ग्रामीण महिलाओं की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी में महिलाएं सुबह 7 बजे से कतारों में खड़ी हैं, फिर भी तकनीकी खामियों के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। वनांचल क्षेत्र सहेबिनकछार, कोदोमाली, नागेश, भुतबेड़ा और कुचेंगा जैसे गांवों में मोबाइल नेटवर्क न के बराबर है।

ग्राम भुतबेड़ा में केवाईसी करवाने पहुंचीं ग्रामीण महिलाएं फुलेश्वरी नेताम, अनीता विश्वकर्मा, जयबती मरकाम, रमुला बाई व अन्य ने बताया कि वे महुआ संग्रहण और शादी-ब्याह का सीजन छोड़कर इस उम्मीद में आ रही हैं कि योजना से नाम न कट जाए। कई महिलाएं अपने दूधमुंहे बच्चों को गोद में लेकर मीलों पैदल चलकर पहुंच रही हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें दूसरे-तीसरे दिन भी वापस लौटना पड़ रहा है।

**अलग खबर**

### प्रमुख चुनौतियां

सुबह 7 बजे से शाम तक महिलाएं पंचायत भवन में डटी रहती हैं, लेकिन नेटवर्क न होने से काम ठप पड़ा रहता है। ग्रामीणों के अनुसार, कुचेंगा और अन्य पंचायतों का काम एक ही व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया और भी धीमी हो गई है। वर्तमान में महुआ और अन्य वनोपज संग्रहण का समय है, जो ग्रामीणों की आय का मुख्य स्त्रोत है। केवाईसी के चक्कर में उनका यह कार्य भी प्रभावित हो रहा है।



### ऑपरेटर की मजबूरी

भुतबेड़ा में केवाईसी कर रहे ऑपरेटर ने बताया कि सर्वर की स्थिति इतनी खराब है कि एक महिला का केवाईसी करने में कभी-कभी एक से डेढ़ घंटा लग जाता है। यदि नेटवर्क सही रहे तो काम गति पकड़ता है, अन्यथा दिनभर में केवल कुछ ही लोगों का काम हो पाता है।

### प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग

स्थानीय ग्रामीणों और महिलाओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वनांचल क्षेत्रों में तकनीकी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए या केवाईसी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। मीलों पैदल चलकर आने वाली इन महिलाओं के समय और मेहनत की बर्बादी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि समय सीमा के भीतर सभी का केवाईसी पूर्ण हो सके।

## दो गांव में दबिश, लाखों का सागौन और लकड़ियां जब्त



**गरियाबंद।** वन विभाग ने देवभोग क्षेत्र में अवैध लकड़ी भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुये भारी मात्रा में सागौन (टीक) की लकड़ी जब्त की है। यह कार्रवाई मुख्य वनसंरक्षक रायपुर वृत्त के निर्देश पर एवं वनमंडलाधिकारी गरियाबंद के मार्गदर्शन में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप वनमंडलाधिकारी देवभोग द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर वन परिक्षेत्र इंदागांव अंतर्गत ग्राम सरगीगुड़ा में दो अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। पहली कार्रवाई में रक्षानंद ठाकुर के घर एवं बाड़ी की तलाशी ली गई, जहां से 60 नग सागौन चिरान (0.354 घन मीटर) तथा 17 नग सागौन लट्ठा (0.608 घन मीटर) अवैध रूप से रखा हुआ पाया गया। वन विभाग ने उक्त लकड़ी को जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया। दूसरी कार्रवाई में जयनंद ठाकुर के घर एवं बाड़ी की तलाशी के दौरान 20 नग सागौन चिरान (0.046 घन मीटर) तथा 13 नग सागौन लट्ठा (0.585 घन मीटर) अवैध रूप से संग्रहित पाए गए, जिसे जब्त कर पृथक वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वन विभाग के अनुसार दोनों मामलों में कुल 103 नग सागौन लकड़ी (1.593 घन मीटर) जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 54 हजार 994 रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव अश्वनीदास मुरचुलिया के नेतृत्व में विभागीय स्टाफ एवं सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बाबा साहेब समता, समरसता न्याय के हिमायती थे : अशोक



**नवापारा-राजिम।** झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट एवं भाजपा मंडल के तत्वावधान में आयोजित समरसता समारोह में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि आजाद भारत के संविधान निर्माण की अहम जिम्मेदारी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को इसलिए दी गई क्योंकि वे समता, समरसता एवं न्याय के हिमायती थे। उनके द्वारा बनाया गया संविधान हर नागरिक के लिए गीता, बाइबिल और कुरान की तरह पवित्र है अतः इसका सम्मान और पालन करना हम सबका कर्तव्य है। की आसंदी से व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में मौलिक अधिकार का प्रावधान किया तथा कर्तव्य का भी बोध कराया। श्री बजाज ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज को शिक्षित बनने की प्रेरणा दी थी, इसी वजह से शिक्षा का प्रकाश आज सुदूर गावों तक पहुंच सका है। श्री बजाज ने भाजपा कार्यकताओं के साथ चम्पारण चौंक स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 8 में समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू, जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष परदेसी साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा , नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी पूर्व उपाध्यक्ष व झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दयालु राम गाड़ा, बिलाल अहमद, मुकुंद मेश्राम, अन्नपूर्णा देवांगन, नवल किशोर साहू, तनु मिश्रा, धनवती साहू, टिंकू सोनी, अकरम रिजवी, चंद्रिका साहू, कैलाश तिवारी, संजय साहू , सुमित सिन्हा, सौरभ जैन, मनीष देवांगन, हितेश मंडई, दशरथ साहू एवं नीता धीवर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दयालु गाड़ा ने किया।

## असामाजिक तत्वों ने दो ट्रकों को आग के हवाले किया, लाखों का नुकसान

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम भोईनापार में बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। मंगलवार की रात लगभग 12 बजे के बाद सतनामी पारा स्थित बाजार चौक में खड़ी दो ट्रकों में आग लगा दी गई। इस घटना में ट्रक मालिकों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल विभाग के दल ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती, तो आसपास के रिहायशी इलाके या अन्य वाहनों तक आग फैल सकती थी, जिससे बड़ी जन-धन की हानि हो सकती थी।



# 4 सूने मकानों के टूटे ताले नगदी समेत जेवरात पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरौदा में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने सूने मकानों को निशाना बनाते हुए एक ही रात में चार घरों में सेंधमारी की, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। चोरों ने दुरेन्द्र सेन, कुमार सिन्हा, मुकेश पटेल और नरेन्द्र साहू के घरों के ताले तोड़े।

सबसे बड़ी वारदात दुरेन्द्र सेन के घर हुई। पीड़ित ने बताया कि वे अपने पारिवारिक व्यवसाय के कारण रात में पास के गांव जमाही में रहते हैं। चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर गोदरेज अलमारी से 1.50 लाख रुपये नगद और करीब 2.50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात (करधन, पायल, चूड़ा, मराठी माला) पार कर दिए। दुरेन्द्र सेन के अनुसार, उन्होंने नए मकान के निर्माण के लिए नगद राशि घर में रखी थी, जिस पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। कुल चोरी लगभग 4 लाख रुपये की बताई जा रही है।

### जांच में जुटी साइबर और फिंगरप्रिंट टीम

घटना की सूचना मिलते ही फिंगेश्वर थाना प्रभारी चिंता राम देशमुख पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गरियाबंद से साइबर टीम (सतीश यादव के नेतृत्व में) और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ लोकेश को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

### आरोपी जल्द होंगे गिरफ्तार

चिंता राम देशमुख, थाना प्रभारी फिंगेश्वर ने कहा की मामले की जांच साइबर सेल और तकनीकी पहलुओं के आधार पर की जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ जारी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### डॉग स्क्वॉड न बुलाने पर ग्रामीणों में नाराजगी

जांच के दौरान डॉग स्क्वॉड की मदद नहीं ली गई, जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते डॉग स्क्वॉड पहुंचता, तो चोरों का सुराग जल्द मिल सकता था। फिलहाल पुलिस पुराने अपराधियों का रिकॉर्ड खंगालने के साथ-साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जांच की प्रक्रिया के दौरान सरपंच गजानंद साहू, कोटवार सनत, पुलिस कर्मी रोशन साहू, राहुल तिवारी, यादराम साहू और भगवान सिंह ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

## अप्रैल के मध्य में ही गर्मी ने छुड़ाए पसीने, बेजुबान जानवर और पक्षी भी बेहाल

# 40 डिग्री पहुंचा पारा, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अप्रैल का आधा महीना गुजरते ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। 14 और 15 अप्रैल से तापमान में अचानक आई तेजी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह 9 बजे के बाद ही सूर्य की तपिश इतनी तीखी महसूस हो रही है मानो आसमान से आग बरस रही हो। यह असर शाम 5 बजे तक लगातार हो रहा है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। गर्मी के इस बढ़ते प्रकोप से लोग दिन भर व्याकुल नजर आ रहे हैं। खासकर दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में भी दोपहर के वक्त ग्राहकों की संख्या में गिरावट साफ देखी जा रही है। बता दें कि सुबह से ही तपिश, 10 बजते-बजते धूप असहनीय हो जाती है। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर हो रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को चक्कर, थकान और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों की सलाह है कि इस भीषण गर्मी से बचने के लिए कुछ जरूरी सावधानियां अपनाई जाये। मसलन दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें।





### चल रही गर्म हवाएं

तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंचने की खबर सामने आई है। हवाएं गर्म हो गई है। झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। यहां तक कि घर के दीवाल और आंगन भी भट्ठी के माफिक अब तपने लगा है। हर कोई बेचैन है। तकलीफ तो उन बेजुबान जानवरों को हो रही है, जिन्हें इस विकराल गर्मी में चारा और पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। पक्षियों की भी यही हालत है। चहचहाने की आवाज सुनाई नहीं पड़ रही है। पेड़- पौधे शांत खड़े हैं। हवा नाम की चीज नहीं चल रही है। पंखा का हवा अब किसी को भी नहीं सुहा रहा है। शहर से यदि बाहर निकलो तो आऊट साईड के गांव के रास्ते भी कफ्र्यू के माफिक सुनसान दिखने लगा है।

## खबर संक्षेप



### शिव महापुराण कथा के समापन में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** ग्राम परसदा ख में बालिका सखियों द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के समापन में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू पहुंचे। तुषार ने शिवलिंग की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। तुषार ने कहा कि शिव पुराण भगवान शिव की महिमा, उनके स्वरूप, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों और भक्ति का वर्णन करने वाला एक प्रमुख हिंदू ग्रंथ है। इसमें शिव को सर्वोच्च सत्ता, कल्याणकारी और स्वयंभू माना गया है, जो सृष्टि के रचयिता, पालक और संहारक हैं। इस अवसर पर सरपंच मिथलेश सिंहा, चम्मन, सिन्हा, टीकम देवांगन, प्रेम साहू, माखन सिन्हा, प्रवीण चंद्राकर, डालेश साहू आदि मौजूद रहे।

### पेंशनरों ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**महासमुंद।** प्रत्येक मंगलवार की भांति पेंशनरों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा द्वारा पेंशनर भवन में हनुमान एवं भारत माता की आरती की गई। जिसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। प्रति मंगलवार को होने वाली बौद्धिक चर्चा में राजेंद्र वैष्णव ने सामयिक विषय पर अपने सार्थक विचार रखें। बोधन साहू ने गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र की व्याख्या की तथा जीवन में उसके उपयोग की महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ, बंशी चंद्राकर, बीआर ध्रुव, रामकुमार चंद्राकर, रघुनाथ सिन्हा, मन्नू साहू, सतीश पांडेय, केके चंद्राकर, रामलाल, कमलेश चंद्राकर, सुरेंद्र ध्रुव, गजानन चंद्राकर, चिंतामणि चंद्राकर, चमन चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्राकर, पवन देवांगन, राम कुमार चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# सर्व धोबी समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, दिनेश बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

जिला महासमुंद सर्व धोबी समाज की महत्वपूर्ण बैठक तेंदूकोना स्थित अग्रसेन भवन में हुई, जिसमें जिले के सभी 6 परिक्षेत्रों के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नए जिला पदाधिकारियों का गठन किया गया।

जिला अध्यक्ष पद के लिए दिनेश निर्मलकर एवं रमेश निर्मलकर ने नामांकन प्रस्तुत किया। पश्चात 6 परिक्षेत्रों के पदाधिकारियों द्वारा मतदान कराया गया, जिसमें कुल 91 मत पड़े। मतगणना में दिनेश निर्मलकर को 57 मत एवं रमेश निर्मलकर को 32 मत प्राप्त हुए, इस प्रकार दिनेश निर्मलकर विजयी घोषित हुए। अन्य पदों पर सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई, जिसमें उपाध्यक्ष सोनसाय निर्मलकर (खल्लारीराज), सचिव टेकराम निर्मलकर (देवरीराज), सहसचिव धनेश्वर निर्मलकर, कोषाध्यक्ष खिरोद निर्मलकर, महामंत्री जीवराखन निर्मलकर, संचालक सादानंद निर्मलकर, संरक्षक पवन



निर्मलकर एवं नोहर सिंह निर्मलकर, संचालक पांचूराम निर्मलकर एवं नंदलाल निर्मलकर को मनोनीत किया गया। इसके अलावा सभी 6 परिक्षेत्रों से दो-दो जिला प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया। देवरी से नारायण निर्मलकर एवं मदन निर्मलकर, कौड़िया से गिरधर निर्मलकर एवं शशिभूषण निर्मलकर, सुवरमाल से गौतम निर्मलकर एवं पुरुषोत्तम निर्मलकर, खल्लारी से कमल निर्मलकर एवं रामखिलावन निर्मलकर, फुलझरराज से संतराम निर्मलकर एवं दयाराम निर्मलकर तथा सेवादार के रूप में सेवकराम निर्मलकर एवं बुंदराम निर्मलकर को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष दिनेश निर्मलकर ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने समाज में एकता, भाईचारा और जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। वहीं उपाध्यक्ष सोनसाय निर्मलकर ने कहा कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए नई पहल की जाएगी। बैठक में जिले के सभी परिक्षेत्रों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज के विकास और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## पहल : राजस्व पखवाड़ा में 520 ग्रामों में शिविर का आयोजन

# शिविर में 3849 आवेदन मिले 3131 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार

- अधिकारी-कर्मचारी दस्तावेतों का जांच कर रहे हैं मौका स्थल पर निराकरण

जिले में आमजनों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा का आयोजन इस माह 15 अप्रैल तक किया जाना है। इसी क्रम में यह अभियान 01 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया। जिसमें जिले के कुल 520 ग्रामों में शिविर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविरों में कुल 3849 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 3131 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया एवं 718 लंबित है। शिविरों



में मुख्य रूप से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण किया गया। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा मौके पर ही दस्तावेजों की जांच कर समस्याओं का समाधान किया गया। राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण तथा पात्र हितग्राहियों को नामांतरण आदेश, सीमांकन पत्र, ऋण पुस्तिका, नक्शा प्रतिलिपि सहित अन्य आवश्यक राजस्व दस्तावेजों का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। शिविर में पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राजस्व पखवाड़ा का आगामी आयोजन मई माह में 4 से 18 मई तक एवं जून में 1 से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने राजस्व अमले को निर्देश दिए कि वे आमजन से संवेदनशीलता के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं तत्परता बनाए रखें।

## कोकड़ी से भलेसर तक पक्की सड़क के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कोकड़ी से भलेसर तक पक्की सड़क की मांग जिला कांग्रेस महामंत्री संतोष पटेल ने खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से भेंट मुलाकात अवगत कराया और ज्ञापन भी सौंपा। यह मार्ग वर्तमान में कच्चा और उबड खाबड़ है। वहीं बरसात के दिनो में यह कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है, इससे आने-जाने में ग्रामीणों को परेशानी होती है। ग्राम पंचायत झिटकी के सरपंच कौशिल्या नूतन पटेल ने बताया कि यह मार्ग कच्ची सड़क जो लगभग दूरी महज 5 से 7 किमी की होगी। बरसात के दिनों में बारिश के कारण यह सड़क कन्हार मिट्टीयुक्त होने से कीचड़मय हो जाता है। जिससे दो पहिया वाहन साइकिल चलाना तो दूर पैदल चलना दूभर हो जाता है। यही मार्ग से होकर ग्राम भलेसर जुनवानी के बच्चे नर्रा स्कूल शिक्षा ग्रहण करने आते है। बरसात में चार महीने ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और तो और किसानों को खेती किसानी रोपा बियासी के समय पर खाद बीज ले जाने में बहुत परेशानी होती है। बता दें कि वनांचल क्षेत्र के ग्राम भलेसर एवं आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को बरसात के समय में अगर खरियार रोड ओडिशा जाना होता है तो उन्हे लगभग 12 से 15 किमी दूरी तय कर कसेकेरा-कोमाखान-नर्रा होकर जाना पड़ता है। यहां पक्की सड़क का निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को समय की बचत होगी।

# भाजपा मंडल झलप ने ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

भाजपा जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वावधान में डॉ.भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष येतराम साहू रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें पवन पटेल ने उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर समरसता का मार्ग दिखा कर शोषित, वंचितों का मसीहा बन गए। सामान शिक्षा का अधिकार, सभी को मतदान का अधिकार मिले, इसके लिए संघर्ष किया। भाजपा के केंद्र सरकार आने के बाद पहली बार भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के सम्मान के लिए उनके बिताये जीवन काल के सभी स्थलों को



पंच तीर्थ रूप विकसित किया गया। जन्म भूमि महू, शिक्षा भूमि लंदन, दीक्षा भूमि नागपुर, महापरिनिर्वाण भूमि दिल्ली, जहां बाबा साहब अंतिम सांस लिए, चैत भूमि मुंबई, समाधिस्थल सभी स्थल लोगों को उनके संघर्ष और त्याग को युगों-युगों तक जनसमुदाय को प्रेरणा देते रहेंगे। पश्चात राजेंद्र नायक ने विस्तारपूर्वक उद्बोधन देते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर एवं महात्मा फुले के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता, शिक्षा एवं समानता को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने दोनों महापुरुषों के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके योगदान एवं समाज सुधार के प्रति उनके समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में राहुल चंद्राकर, मनीष बंसल, संजीव कर्माकर एवं आनंद साहू मंचासीन रहे। मंच का संचालन निर्भय नायक, लालकुमार पटेल एवं आभार प्रदर्शन मनोज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर कन्हैया नायक जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, रमेश पटेल जिला मंत्री, रमेश नायक जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मनोहर साहू जिला कोषाध्यक्ष, तुलाराम साहू जिला मीडिया प्रभारी, उत्तरा प्रहरे, मधु यादव, सुजाता विश्वनाथन, रेखा, एमआर विश्वनाथन, राजू चंद्राकर, माखन पटेल, महेंद्र सिका, प्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम, करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब : शुभ्रा शर्मा



**महासमुंद।** भाजपा महिला मोर्चा के जिला महामंत्री व वार्ड 29 की पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिनियम भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है, जो करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बताते हुए कहा कि आज नारी शक्ति केवल एक विचार नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। शुभ्रा ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से महिलाओं की उत्थान, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही परिवार व समाज में उल्लेखनीय भूमिका निभाने का अवसर मिला है। अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश व राज्य के संचालन में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत बनाएगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रभावी योजनाएं संचालित की गई हैं, जिन्होंने महिलाओं के जीवन के हर पहलू को सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना तथा लखपति दीदी योजना के माध्यम से समूह की महिलाएं आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिलाओं की नेतृत्व में बढ़ती भागीदारी से विकास अधिक संतुलित, समावेशी और टिकाऊ होगा। यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शुभ्रा ने कहा कि इस ऐतिहासिक पहल से समाज के सभी वर्गों, मातृशक्ति में उत्साह व हर्ष का माहौल है।

# बाबा साहेब का सपना पूरा करने के लिए पढ़े-लिखे नौकरीपेशा लोगों को आगे आने की जरूरतः अजाक्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ बीआर अंबेडकर जयंती पर अनुसूचित जाति-जनजाति शासकीय सेवक संघ (अजाक्स) व एससी एसटी समाज द्वारा अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। जिसमें अजाक्स के पदाधिकारियों के अलावा बौद्ध महासभा के लोग भी शामिल रहे। पश्चात बौद्ध महासभा द्वारा बुद्ध विहार में आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर कैंडल जलाकर स्मरण किए। पदाधिकारियों ने बीटीआई के पास स्थित रानी दुर्गावती के प्रतिमा में भी माल्यार्पण कर एकता का संदेश दिया।

अंत में सभी पदाधिकारी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में स्थापित बाबा साहब के स्टैच्यू पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी रखा गया। जहां उपस्थित पदाधिकारियों ने बाबा साहब के सपना अनुरुप समाज में बदलाव नहीं आने पर चिंता जाहिर करते हुए इसके लिए समाज के पढ़े लिखे लोगों को जिम्मेदार बताया। क्योंकि, बाबा साहब



चाहते थे कि समाज के पढ़े लिखे लोग जब उच्च पदों में जाने व नौकरी प्राप्त करने के बाद अपने समाज के अंतिम छोर के लोगों को शिक्षा रोजगार के लिए सहयोग व जागृत करेंगे तो समाज में बदलाव आयेगी। परंतु, आज समाज के लोग पढ़-लिखकर नौकरी व ऊंचे पदों पर जाने के बाद समाज को ही भूल जा रहे हैं। और केवल अपने परिवार तक सीमित हो जा रहें हैं, जिस पर समाज के जिम्मेदार लोगों को चिंतन करने की जरूरत बताया। अजाक्स के जिला कार्यकारिणी की चुनाव मई में कराने पर भी चर्चा की गई।

माल्यार्पण व विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से अजाक्स के जिलाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, तुलेंद्र सागर जिला सचिव, एमएल ध्रुव, बीपी मेश्राम, संतोष डहरिया, राजेश रात्रे, गणेश टंडन, योगेश मधुकर, सतीश जुल्फे, गिरधर ढीढी, अजाक्स युवा मितान के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश बंजारे, सर्व अनुसूचित जाति समाज के जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल, आल एससी-एसटी से विजय बंजारे, डमरू मांझी, सुखरु बंजारे व अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीएससी डीएसई रसायनशास्त्र के विद्यार्थियों ने जल गुणवत्ता पर किया प्रायोगिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 15 अप्रैल 2026 को बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर डीएसई पर्यावरणीय रसायन विषय के लगभग 22 विद्यार्थियों को जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महासमुंद में प्रायोगिक कार्य एवं शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि जल जीवन का आधार है, इसलिए जल संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक है। सबसे जरूरी है जल में ई.कोलाई जैसे बैक्टीरिया बिल्कुल न हो। क्योंकि यही डायरिया और टाइफाइड फैलाते हैं। इसलिए जल स्त्रोतों की नियमित जांच, क्लोरिनेशन, फिल्टर का उपयोग और स्त्रोत के आसपास सफाई रखना जरूरी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अजय कुमार प्रजापति गुणवत्ता प्रबंधक पीडब्लूटीएल पीएचईडी एवं लिलेश्वर कुमार सेन द्वारा विद्यार्थियों को प्रायोगिक कार्य में जल की कठोरता, एल्किनिटी, क्लोराइड, पीएच, टर्बिडिटी, टीडीएस, सल्फेट, नाइट्रेट, फ्लोराइड, आयरन एवं बैक्टीरिया का परीक्षण किया गया। साथ ही जल के भौतिक, रसायनिक एवं जैविक विशेषताओं का अध्ययन कर जल की गुणवत्ता का निर्धारण किया गया। उक्त प्रायोगिक कार्य एवं शैक्षणिक भ्रमण में प्रदीप कन्हेर विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र, नम्रता तंबोली अतिथि सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र एवं प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र के नेतृत्व में हुआ।

# रविदास समाज ने सिरपुर में मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भारतीय संविधान निर्माता व भारत

- बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्व

रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को सिरपुर में रविदास समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर रविदास समाज के पदाधिकारीगण, अधिकारियों, सामाजिक संस्थानों द्वारा माल्यार्पण किया गया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बौद्ध विहार में गोष्ठी भी हुई और जुलूस निकाल कर उनके द्वारा समाज की दिए गए योगदान के लिए लिए याद किया गया।

इस अवसर पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बैदनाथ मेहरा ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का संविधान बनाने का गौरव डॉ भीमराव अंबेडकर को प्राप्त है। भारतरत्न से सम्मानित देश के प्रथम



कानून मंत्री डॉ.अंबेडकर जैसी शख्सियत सदियों में कोई एक पैदा होती है। उनका पूरा जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायक है। आज उनकी जयंती पर हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उनके बताए रास्तों पर चलना चाहिए, यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गुरु रविदास महासभा प्रदेश अध्यक्ष बुद्धेश्वर सोनवानी ने उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। रविदास समाज जिलाध्यक्ष देवेंद्र रौतीया ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने देश के संविधान का निर्माण कर हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया। यह भारतीय लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है। जिला सचिव तोरण धृतलहरे ने पुरातत्व नगरी स्थित चमार कूप क्षेत्र का भ्रमण कर कहा कि सिरपुर चमार कूप में आज भी पुराने अवशेष मलबे रविदास समाज की समृद्ध इतिहास को दर्शाता है, सिरपुर क्षेत्र के ग्रामीण आज भी इस क्षेत्र को चमार कूप कहते है। सरकार से मांग किया इस क्षेत्र को संरक्षित करे। भाजपा जिला मंत्री अजा मोर्चा राजू लाल मिर्धा ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बताया था। आज उनके विचारों को अपनाकर ही हम शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष डेलूराम रात्रे, प्रखंड प्रमुख कामता मिरी, खिलावन मेहरा, दशरथ अजगले, बैदराज मेहरा, अजय रात्रे, नरसिंह मिरी, नरेंद्र रौतिया आदि उपस्थित थे।

## शादी में आए दंपति नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

### पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद/बागबाहरा

शादी में आए दंपत्ति की नाबालिग बालिका छेड़खानी का शिकार हो गई। मामला जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुनसुनिया का है। जहां किराना दुकान में पहुंची बालिका के साथ पास के ही युवक तारेश्वर ओगरे ने छेड़छाड़ की। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है था आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 9 व 10 के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने पुलिस को बदाया कि मंगलवार देर शाम उसकी नाबालिग पुत्री पास के ही किराना दुकान में सामान लेने गई। सामान लेकर शाम करीब 07 बजे रोते हुए शादी घर में आई तब प्रार्थी की छोटी



बहन धनेश्वरी नायक बालिका से जानकारी ली तो उसने बताया कि दुकान में सामान लेने के दौरान एक लड़का मेरे शरीर के पीछे भाग को बुरी नीयत (बेड टच) करने लगा। मना करने के बाद भी वह लड़का बेड टच करता रहा। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी मोहल्ले का ही लड़का तानेश्वर ओगरे निवासी ग्राम सुनसुनिया है जिसने उक्त कृत्य

## खबर संक्षेप

### एक जमीन, दो दावेदार : सरिफाबाद के भू-अभिलेखों में उलझा मालिकों का खेल

**पिथौरा (ग्रामीण)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सरिफाबाद, पटवारी हल्का नंबर 44 में हाल ही में हुए जमीन खरीदी-बिक्री का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। यहां एक ही जमीन पर अलग-अलग गांवों के दो-दो मालिक सामने आने से राजस्व अमले में हड़कंप मच गया है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार, ग्राम सरिफाबाद स्थित भूमि के खसरा नंबर 312, 314, 316, 323, 327, 322/1, 320, 318, 328, 337/2 एवं 329/2, कुल रकबा लगभग 22.46 एकड़ भूमि, राजस्व अभिलेखों में ग्राम छोटेटेमरी तथा पड़ोसी जिला बलौदाबाजार के ग्राम सोनपुर निवासी किसानों के नाम पर दर्ज है। यानी एक ही जमीन के लिए अभिलेखों में दो-दो मालिक दर्ज होने की स्थिति बनी हुई है। ग्राम छोटेटेमरी के किसान मधु केंवट, अशोक यादव, तेजकुमार वैष्णव और नित्यानंद रावत का कहना है कि उक्त भूमि उनके पूर्वजों को शासन द्वारा प्रदान की गई थी। वर्ष 1990-91 में उन्हें भूमिस्वामी घोषित कर विधिवत पट्टा दिया गया था।

## निधन

### तुषार साहू

**पाण्डुका।** पाण्डुका निवासी तुषार साहू का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक ग्रामीण व परिवारजन शामिल हए। वे चन्द्रहास व अरुण साहू के भतीजे तथा पत्रकार राकेश, धर्मेन्द्र, मिथुन, पीयूष और गोपी साहू के भाई थे।



### सरोजिनी दीवान

**राजिम।** सरोजिनी दीवान का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्वर्णतीर्थ घाट राजिम में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी प्रदीप दीवान की माता थी।

## पेज 9 के शेष

### जिले में 11 नई समितियों...

पूजा-अर्चना एवं फिता काटकर नए भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। नवीन सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, खाद-बीज, ऋण वितरण, फसल क्षति पूर्ति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण, माइक्रो एटीएम सुविधा सहित लगभग 35 प्रकार की सेवाओं का संचालन किया जाएगा। इससे किसानों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और उन्हें अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। सहकारी समिति भवन के निर्माण से प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी तथा गोदाम सुविधा के माध्यम से धान एवं अन्य कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण की बेहतर व्यवस्था होगी। जिससे किसानों को उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

समक्ष न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा) मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// शपथ पत्र //

शपथकर्ता :- कमल राम पिता स्व. श्री जलधर जाति महार, निवासी ग्राम तौरेंगा, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

मैं शपथकर्ता निम्न शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मुझ शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड में पुराना नाम कमल राम कश्यप दर्ज है। जिसमें से में अंतिम नाम को हटाना चाहता हूं। यह कि मुझ शपथकर्ता के शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा 5वीं की अंकसूची में मेरा नाम कमल राम पिता जलधर है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम को मेरे कक्षा 5वीं की अंकसूची के अनुसार मेरा नाम कमल राम पिता जलधर दर्ज करवाना चाहता हूं।
4. यह कि मुझ शपथकर्ता द्वारा छत्तीसगढ़ राज पत्र में नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसके माध्यम से भविष्य में राजपत्र के आधार पर आधार कार्ड को सुधार व संसोधन करना चाहता हूं।

शपथकर्ता

-:सत्यापनः:-

मैं शपथकर्ता निम्न शपथपूर्वक सत्यापित करता हू कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 तक की लिखी गई बाते मेरे स्वयं के ज्ञान से सहीं एवं सत्य है तथा आज दिनांक 18.02.2026 को स्थान गरियाबंद में मैं अपना पूर्ण हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया हूं।

कमल राम,
शपथकर्ता

# भीषण गर्मी में वनांचल का देसी कूलेंट बना मड़िया पेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों तेज गर्मी और उमस से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गई है, सुबह 11 बजे के बाद नगर व क्षेत्र में तेज धुप के कारण सन्नाटा पसर जा रहा है, इस भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान है और आधुनिकता के दौर में गर्मी से बचने जहां एक ओर लोग लस्सी एवं तरह -तरह के डंडा पेय पदार्थ का उपयोग शहरों में कर रहे है तो वही दूसरी ओर गरियाबंद जिले के वनांचल आदिवासी मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में लोग परंपरागत पेय पदार्थ मड़िया पेज का सहारा ले रहे है, मड़िया पेज से उन्हे गमएँ से तो राहत मिलती है साथ ही यही उनके लिए शक्तिवर्धक के तरह भी काम करता है जिसके चलते ग्रामीण इलाको में ग्रामीण बेहद कड़ी मेहनत करने वाले लोगो की पहली पंसद गमएँ के दिनो में मड़िया पेज होता है और तो और अप्रैल, मई और जून के भीषण गमएँ के दिनो मे इस क्षेत्र के वनांचल के ग्रामो मे कही भी आप मेहमान के रूप मे चले जाईये आपका स्वागत ग्रामीण बकायदा मड़िया पेज से करते है मड़िया पेज की सबसे बड़ी खासियत यह गमएँ से राहत पहुंचाता है। व्यक्ति एक गिलास मड़िया पेज पीकर घर से निकल जाये उन्हे लू नही लगती इसलिए गमएँ के दिनो मे क्षेत्र मे मड़िया पेज का काफी चलन है।

### लू से बचने और शक्ति के लिए ग्रामीणों की पहली पसंद





#### अमीर गरीब सभी की पहली पंसद मड़िया पेज

क्षेत्र मे मड़िया पेज का गमएँ के दिनो मे चाहे कितना भी पैसा वाला व्यक्ति हो आर्थिक रूप से संपन्न हो लेकिन गमएँ से बचने के लिए मड़िया पेज का उपयोग वर्षो से कर रहे है और मड़िया पेज गरीब मजदूरो का तो गमएँ के दिनो मे मुख्य आहार है मड़िया रागी को कहते है। वनांचल के ग्रामो मे ग्रामीण तुमड़ी मे और छोटे हंडी मे लेकर मड़िया पेज को चलते है मड़िया रागी को पहले हॉलर मील मे आटा बनाया जाता है फिर चांवल के साथ मिलाकर इसे पेज बनाया जाता है पेज बन जाने के बाद इसे ग्रामीण व क्षेत्र के लोग तुमड़ी व बर्तनो मे लेकर अपने साथ सफर मे भी ले जाते है साथ ही खेत खलियान जंगल मे वनोपज संग्रहण के लिए ले जाते है और दोपहर 12 बजे इसे भोजन के रूप मे ग्रहण करते है जिससे भूख भी मिट जाता है साथ ही शरीर को ठंडकता प्रदान करता है।

## आयोजन : आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर युवा संगम का भव्य आयोजन

# नशे से रहें दूर, पर्यावरण रक्षा के लिए बनें सजग : सतीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम







- सैकड़ों युवाओं ने लिया राष्ट्र सेवा का संकल्प

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवा संगम कार्यक्रम के आयोजन में सैकड़ों युवक-युवतियों का पंजीयन कर तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में युवाओं को संघ दर्शन कराने के उद्देश्य से एक घंटे की शाखा आयोजित की गई, जिसमें उत्साहपूर्वक विभिन्न शारीरिक गतिविधियां जैसे खेल, व्यायाम, योग एवं सामूहिक समता का आयोजन हुआ। इसके पश्चात भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर, संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, विश्व वंदनीय भारत माता एवं श्री गुरुजी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा शक्ति तक राष्ट्रीय विचारों का प्रसार, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं को संघ दर्शन कराना तथा उन्हें संघ विचार से जोड़कर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित संघ प्रचारक एवं छत्तीसगढ़ के जनजातीय कार्य प्रमुख सतीश गोकुल पंडा ने अपने उदबोधन में भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों एवं वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने, पर्यावरण संरक्षण के लिए सजग रहने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का आह्वान किया।

साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन विषय को सरल एवं प्रेरक उदाहरणों से समझाया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सह प्रांत कार्यवाह गोपाल यादव, नगर सह संघचालक डॉ. केआर सिन्हा एवं आयुष्मान हॉस्पिटल के संचालक डॉ. पुनीत गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगे युवा

कार्यक्रम का संचालन नगर शारीरिक प्रमुख योगेश यादव ने एवं डॉ. केआर सिन्हा नगर सह संघ चालक में आभार व्यक्त किया प्रभावी रूप से किया। इस अवसर पर तुषार साहू द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत उठो जवानों, हम भारत के स्वाभिमान सरताज हैं ने वातावरण को राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान संघ के इतिहास को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया एवं चर्चा सत्र आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राष्ट्रसेवा की अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। अनेक युवाओं ने संघ से जुड़कर समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करने की इच्छा प्रकट की। समापन सत्र में जिज्ञासा समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता द्वारा युवाओं के प्रश्नों का समाधान किया गया। शाखा के दौरान युवतियों हेतु राष्ट्र सेविका समिति की नगर कार्यवाहिका योगिता सिन्हा, सुश्री सरोज कंसारी एवं रेणु सेन ने गण शिक्षिका के रूप में शारीरिक कार्यक्रम कराया। वहीं युवकों के लिए पोखराज साहू, रोहित प्रजापति, समीर साहू, अमन पाटकर एवं रितेश साहू ने गण शिक्षक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जिला प्रचारक सनत पटेल, जिला सह कार्यवाह भूपेंद्र साहू, विभाग सामाजिक सदभाव प्रमुख रूपेंद्र साहू, नगर कार्यवाह आकाश जैन नगर कार्यवाह सह नगर कार्यवाह प्रदीप मिश्रा, वीरेंद्र साहू, पूर्णेंद्र साहू, सोहेद्र साहू, चन्द्रशेखर देवांगन ,विनोद देवांगन, विनोद देवांगन, कैलाश साहू, चंद्रहास देवांगन, धर्म साहू, रवि विश्वकर्मा अनूप देवांगन गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों में हड़कंप मैदानों से गायब हुए हुड़दंगी



**मैनपुर।** मैनपुर में पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन' सड़कों–तालाबों से गायब हुई शराबखोरी, तस्करों में हड़कंप, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में ताबड़तोड़ गश्त, सार्वजनिक जगहों पर मदिरापान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई से हडकंप मचा है। मैनपुर नगर व आसपास ग्राम के लोग शाम होते ही शाराबियों व आसामाजिक तत्वों से बेहद परेशान हो गए थे नगर के बस स्टैण्ड, तालाब, स्कूल मैदान, सरकारी कार्यालय के मैदान और साप्ताहिक बाजार के साथ तालाब किनारे शाम होते ही शाराबियों का अड्डा बन जाता था और तो और शाराबखोरी करने के बाद गाली गलौज से आसपास रहने वाले परेशान हो गए थे नगर व क्षेत्र के लोगो ने इस समस्या से मैनपुर थानाप्रभारी को अवगत कराया तो मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने पुलिस की एक टीम तैयार कर प्रतिदिन शाम होते ही ऐसे स्थानो पर दबीश देने से जहां एक ओर अब इन सार्वाजनिक स्थानो में शाराबियों और आसामाजिक तत्वों हुड़दंग करने वालो में हड़कंप मंची और काफी हद तक व्यवस्था में सुधार देखने को मिल रहा है पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाही कर सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है।

मैनपुर नगर में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए मैनपुर पुलिस ने ऐसा अभियान छेड़ा है, जिसने असामाजिक तत्वों की कमर तोड़ दी है शाम ढलते ही सक्रिय हो जाने वाली पुलिस टीम अब बाजार, तालाब और मुख्य सड़कों पर लगातार गश्त कर रही है, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों में जबरदस्त खौफ देखने को मिल रहा है। लगातार मिल रही सफलता के बाद अब हर गली-मोहल्ले में पुलिस की इस सख्ती की चर्चा हो रही है पुलिस की इस कार्यवाही का लोग प्रशंसा कर रहे है साथ ही लोगो ने थाना प्रभारी से मांग भी किया है कि शाराब पीकर तेज रफ्तार मोटर सायकल चलाने वालो और नगर के भीतर तेज रफ्तार ट्रेक्टर दौड़ाने वालो पर कार्यवाही किया जाय।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को एक मजबूत संविधान प्रदान किया : साहू

**राजिम।** राजिम मंडल के ग्राम अरंड में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को एक मजबूत संविधान प्रदान कर सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा माध्यम बताया और हर वर्ग के लोगों को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। बाबा साहेब ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणादायक है। रिकेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का मंत्र बाबा साहेब के विचारों से ही प्रेरित है। हमें भी उनके आदर्शों को अपनाते हुए समाज में समरसता और समानता स्थापित करने के लिए कार्य करना चाहिए। अंत में, मैं यही कहना चाहूंगा कि हम सभी को बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए और एक सशक्त, समतामूलक और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस कार्यक्रम में मंडल महामंत्री रेणुका साहू, उपाध्यक्ष भारत सिन्हा, शकुन साहू, मंत्री राजेश परमार, मीना ध्रुव, किसान मोर्चा अध्यक्ष यथार्थ शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कांति सोनकर, अनुचित जाती मोर्चा अध्यक्ष रोमन बंजारे, भाजयुमो नेता आशीष पांडे, बदल साहू, मनीषा शर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक मोती साहू, सहसंयोजक लीकम साहू, बूथ अध्यक्ष दीपक साहू, मनहरन साहू, आनंद राम साहू, गोपीचंद बनर्जी, कल्याण ध्रुव, राजकुमार साहू, हरक राम साहू, लोकेश साहू, नेतराम साहू, रामकुमार साहू, टीकम सेन, रामानंद ध्रुव,नंद कुमार विश्वकर्मा, जितेंद्र आडील,चंद्रशेखर मल्होत्रा, शैलेश मल्होत्रा, मछुआरा प्रकोष्ठ संयोजक तुकाराम तारक, ओमप्रकाश रात्रें, मेघनाथ कुर्रे, किशोर कुमार साहू, उमाशंकर साहू, जगदीश तारक, राजेश्वरी मल्होत्रा, जानकी देवी लहरे, देवकी मल्होत्रा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 10वीं सीबीएसई में योगिता ने मारी

**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसम्बुड़ा छुरा के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष उत्कृष्ट एवं संतुलित प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की सतत मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में योगिता ने 444/500 (88.8%) अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

लिसा ने 423/500 (84.6%) अंकों के साथ द्वितीय एवं यश कुमारी ने 422/500 (84.4%) अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विकास कुमार मरकाम (418/500 – 83.6%) तथा चंचल मरकाम (412/500 – 82.4%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष विद्यार्थियों में स्थान बनाया। समग्र परिणाम विश्लेषण के अनुसार कुल 51 विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रगतिशील शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। विद्यार्थियों का प्रदर्शन सभी विषयों में संतुलित रहा, विशेष रूप से गणित, विज्ञान एवं अंग्रेज़ी में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की गईं। साथ ही औसत श्रेणी के विद्यार्थियों में भी स्पष्ट शैक्षणिक सुधार देखने को मिला, जो विद्यालय की निरंतर शैक्षणिक पहलों का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की अनुशासित तैयारी, शिक्षकों के समर्पित प्रयास एवं अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि आगामी सत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने, कमजोर विषयों पर विशेष फोकस देने तथा विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए बेहतर रूप से तैयार करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाएंगे। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आगामी वर्षों में और बेहतर परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया है।

# किसानों के नाम पर भ्रम फैला रही कांग्रेस

**छुईहा बेलर।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य मनीष हरित ने बुधवार को सेंदर में कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला के बयान पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कांग्रेस पर किसानों के नाम पर भ्रम फैलाने और राजनीतिक स्वार्थ साधने का आरोप लगाया। मनीष हरित ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयान पूरी तरह भ्रामक हैं और जमीनी हकीकत से उनका कोई लेना-देना नहीं है।



उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कहीं भी व्यापक स्तर पर शिकायत नहीं है, बल्कि किसानों के सहयोग के लिए सहकारी समितियों में अधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर उत्पन्न मामूली समस्याओं को कांग्रेस द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है, जो उनकी पुरानी राजनीतिक शैली का हिस्सा है। हरित ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की विज्ञप्तियों की स्क्रिप्ट ही उन्हें गलत बयानबाजी के लिए प्रेरित कर रही है। भाजपा नेता ने बताया कि प्रदेश में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई सहकारी समितियों का शुभारंभ किया जा रहा है। इन समितियों के माध्यम से खाद वितरण, भंडारण और पारदर्शिता को और बेहतर बनाया जाएगा, जिससे किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने शासनकाल में किसानों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा सके, वे आज केवल बयानबाजी कर रहे हैं। यह न केवल हास्यास्पद है, बल्कि किसानों को गुमराह करने का प्रयास भी है, उन्होंने कहा।अंत में मनीष हरित ने दोहराया कि भाजपा सरकार और राजिम विधायक रोहित साहू सतत प्रयास से किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं, जबकि विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ के लिए किसानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।

# किराना दुकान में संचालक पर कार्रवाई, अंग्रेजी शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम मेमरा के एक किराना दुकान से पिथौरा पुलिस ने अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मामले में दुकान संचालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम मेमरा दीपांशु कोसरिया के किराना दुकान पहुंचकर छापामार कार्रवाई की गई। जहां मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम दीपांशु कोसरिया पिता छबिलाल कोसरिया (20 वर्ष) सपोस थाना सांकरा का रहने वाला बताया। दीपांशु कोसरिया से शराब बिक्री करने के संबंध में पूछताछ करने पर अपने किराना दुकान में अंग्रेजी शराब बिक्री के लिए रखना बताया।

# दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई 10वीं में दबदबा

**राजिम।** दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल पटेवा के बच्चों ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में अपना दमखम दिखाते हुए जबरदस्त सफलता हासिल की है। मंगलवार को जारी हुए दसवीं बोर्ड कक्षा की परीक्षा परिणाम में संस्था का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।





संस्था में दसवीं कक्षा के टॉप तीन बच्चों में अभिनव साहू ने 95 प्रतिशत के साथ कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। वहीं द्वितीय स्थान पर फाल्गुनी साहू 92 प्रतिशत व तृतीय स्थान अंश चंद्राकर 91 प्रतिशत ने प्राप्त किया हैं। इसी तरह संस्था के अन्य होनहार बच्चों मे चतुर्थ स्थान रिया साहू 90 प्रतिशत, डी. साईं 87.4 प्रतिशत व मोनाली मालाकार ने 85.4 प्रतिशत पाकर विद्यालय सहित अपने परिजनों का नाम रोशन किया. इसी तरह संस्था के अन्य बच्चों ने भी शानदार सफलता हासिल किया है। सभी सफल बच्चो ने सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनो व संस्था को दिया। सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को संस्था के प्रेसिडेंट प्रकाश दावड़ा, चेयरपर्सन प्रगति दावड़ा मिरानी ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भेण्डरी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर चंदन तिलक लगाकर पुष्प माला अर्पित किया गया।



यहां डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सरपंच राजेश्वरी आनंद पटेल, जनपद सदस्य विनीता संतशरण साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, उपसरपंच राधे पटेल, सचिव छबि विनायक, प्रहलाद सोसायटी अध्यक्ष हेमंत साहू पंच गण सहित वरिष्ठ जन मौजूद थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## कबड्डी प्रीमियर लीग में उदंती टाइगर्स का शानदार आगाज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग 2026 में उदंती टाइगर्स गरियाबंद का शानदार पदार्पण पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। टीम के ओनर्स टंकेश्वर सिंह मरकाम, जागेश्वर राम ध्रुव, पुराणिक नागेश, वेदराम ध्रुव, डो मेश्वर ध्रुव, भूपेंद्र ध्रुव, रिखी निषाद, मुनेश्वर ध्रुव, दशरथ साहू एवं चनेश्वर नागेश के प्रयासों से यह टीम नई ऊर्जा और जोश के साथ मैदान में उतरी है। टीम के मैनेजर जागेश्वर राम ध्रुव के अनुसार, उदंती टाइगर्स गरियाबंद का नेतृत्व प्रो कबड्डी खिलाड़ी दुर्गेश नेताम कर रहे हैं, जो टीम को मजबूत दिशा देने में सक्षम हैं।

## किसानों के हित में सरकार गंभीर विपक्ष फैला रहा भ्रम : संदीप पाण्डे

**मुड़ागांव (कोरासी)।** जिला महामंत्री (किसान मोर्चा) संदीप पाण्डे ने अमितेश शुक्ला के



हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनका बयान भ्रामक, तथ्यहीन और राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्य कर रही है। कुछ स्थानों पर आई अस्थायी समस्याओं को विपक्ष द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत कर किसानों में भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। संदीप पाण्डे ने बताया कि किसानों की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवीन समितियों का गठन किया जा रहा है। इन समितियों के माध्यम से खाद वितरण, भंडारण और निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा, जिससे किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, जो लोग अपने कार्यकाल में किसानों की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं कर पाए, वे आज केवल बयानबाजी कर रहे हैं। किसानों के नाम पर राजनीति करना बंद करें और सकारात्मक सहयोग दें।

## खाद वितरण में पारदर्शिता ला रही भाजपा : मनीष

**फिंगेश्वर।** प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष हरित ने अमितेश शुक्ला के बयान पर कड़ा जवाब



देते हुए कहा है कि यह पूरी तरह भ्रामक और राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता किसानों के नाम पर सिर्फ भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। मनीष हरित ने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। कुछ स्थानों की अस्थायी समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना विपक्ष की पुरानी आदत है। उन्होंने आगे कहा कि आज प्रदेश में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन समितियों का शुभारंभ किया जा रहा है, जिससे खाद वितरण, भंडारण और पारदर्शिता में और सुधार होगा। इन समितियों के माध्यम से किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। मनीष हरित ने तीखा तंज कसते हुए कहा, जो लोग अपने शासनकाल में किसानों को मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पाए, वे आज केवल बयानबाजी कर रहे हैं, यह हास्यास्पद है। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं, जबकि विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ के लिए किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है।

# ड्रिंक एंड ड्राइव, ईगो से बेवजह जा रही जानें, बजरंगपुर-पिपरौद टोल प्लाजा की घटना भी इसी का नतीजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम**

सड़कें अब सिर्फ सफर का जरिया नहीं रहीं, बल्कि लापरवाही और लत का खामियाजा भुगतने का मैदान बनती जा रही हैं। ड्रिंक एंड ड्राइव प्लस ईगो से बेवजह जाने जा रही है। यानी शराब पीकर गाड़ी चलाना और ईगो के कारण आज सड़क हादसों की सबसे बड़ी वजहों में से एक बन चुका है। हर दिन कई परिवार उजड़ रहे हैं, कई घरों के चिराग बुझ रहे हैं-और इसकी सबसे बड़ी वजह है लोगों की लापरवाही और झूठा आत्मविश्वास। विशेषज्ञो की माने तो जब कोई व्यक्ति शराब के नशे में होता है, तो उसका दिमाग और शरीर दोनों सही तरीके से काम नहीं करते। प्रतिक्रिया देने की क्षमता कम हो जाती है,नजर धुंधली हो जाती है,निर्णय लेने की शक्ति कमजोर हो जाती है,ऐसे में तेज रफ्तार गाड़ी चलाना सीधे-सीधे मौत को न्योता देना है। क्षेत्र में हाल के दिनों में लगातार सड़क दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें अधिकतर मामलों में ड्रिंक एंड ड्राइव तथा ईगो की बात सामने आती है। देर रात तेज रफ्तार में चल रही गाड़ियां, शराब के नशे में चालक और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी-ये सभी मिलकर जानलेवा साबित हो रहे हैं। सोमवार देर रात नेशनल हाइवे 130 सी में नवापारा-अभनपुर के बीच बजरंगपुर-पिपरौद टोल प्लाजा के पास हुईदर्दनाक घटना भी इसी का नतीजा है। आमने-सामने दोनो गाड़ियो की रोशनी एक दूसरे को चकाचौंध करने वाली रही।

दोनो गाड़ी हाइवा एवं ट्रक चालको के मन में ईगो बैठ गया। डिपर देने को तैयार नही और जाकर आमने-सामने अपने आपको मौत के हवाले करने वाली घटना सीधी टक्कर के रूप में हो गई। दोनो गाड़ी के चालक सहित हेल्फर की मौत ने लोगो के मन में डर बैठा दिया। जबकि यह मालूम होना चाहिए कि एक हादसा सिर्फ एक व्यक्ति की जान नहीं लेता, बल्कि पूरे परिवार को तबाह कर देता है। माता-पिता अपने जवान बेटे को खो देते हैं, बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाता है, पत्नियां विधवा हो जाती हैं, ये दर्द सिर्फ आंकड़ों में नहीं, बल्कि हर उस घर में महसूस होता है जहां यह हादसा होता है। कानून तो हैं, पर पालन जरूरी है।



### कानून सख्त, पर जागरूकता का अभाव

ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्त कानून मौजूद हैं। भारी जुर्माना, जेल की सजा,ड्राइविंग लाइसेंस रद्द, इसके बावजूद लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। सवाल सिर्फ प्रशासन का नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है अगर आपने शराब पी है, तो गाड़ी बिल्कुल न चलाएं, दोस्तों या परिवार के किसी सदस्य को भी ऐसा करने से रोकें,जरूरत हो तो कैब या अन्य सुरक्षित साधन का उपयोग करें, जागरूकता ही बचाव है,आज जरूरत है लोगों को जागरूक करने की। स्कूल, कॉलेज, और समाज में लगातार अभियान चलाकर लोगों को यह समझाना होगा कि एक छोटी सी गलती कितनी बड़ी कीमत वसूल सकती है।

**जयंती :** सामाजिक समरसता और समानता के संदेश के साथ जिला संगोष्ठी

# बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता सामाजिक न्याय का प्रतीक : राजीव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**



भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गरियाबंद के वन विभाग स्थित ऑक्शन हॉल में आयोजित जिला संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के संभागीय सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने बाबा साहेब के जीवन और विचारों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर वक्ता राजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और दलित, शोषित, वंचित वर्गों तथा महिलाओं की आवाज बनकर समाज में समानता और न्याय की नींव रखी। जिला संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचारों की वजह से आज समाज समानता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राजीव सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहेब अंबेडकर की सोच पर कार्य कर रहे हैं, जिससे विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में मदद मिल रही है।

जिला संगोष्ठी कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई। इसके तहत साफ-सफाई, दीप प्रज्ज्वलन, समाज प्रमुखों के साथ संवाद और उनका सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो इस बात का संदेश है कि सभी समाज एक हैं और हमें मिलकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बताया था। आज आवश्यकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में समरसता के साथ आगे बढ़ते हुए उनके विचारों को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। कहा कि बाबा साहेब के सामाजिक संघर्षों की गाथा युवाओं को प्रेरित करती है और समाज को समानता के अधिकार की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है।

### समाज प्रमुखों का हुआ सम्मान

बाबा साहेब ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और समान अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर सामाजिक एकता को मजबूत करना चाहिए। जिला संगोष्ठी कार्यक्रम में समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया और सभी ने बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश साहू, भाजपा महामंत्री डॉ आशीष शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक व महामंत्री चंद्रशेखर साहू, सुरेन्द्र सोनटेके, प्रदेश अनु.जनजाति मोर्चा के प्रवक्ता चंद्रशेखर सोनवानी, प्रवक्ता शिवांगी चतुर्वेदी, लालिमा ठाकुर, पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, छुरा नगर पंचायत अध्यक्ष निषाद, बिंदु दीदी, पारस ठाकुर, अनु. जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष उत्तम चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंदल, अनूप भोंसले, मंडल अध्यक्षद्वय धनराज विश्वकर्मा, सुमित पारख, रिकेश साहू, राधेश्याम सोनवानी, नरोत्तम साहू, शेषनारायण गजभिए, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, नेहा जॉन, सरला उईके, किशन कंडरा, गुलाब यादव, विष्णु मरकाम, शुभम सांग, मानव निर्मलकर, हिरेंद्र साहू सहित विभिन्न समाज के लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस की समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| न्यूज कोपरा**

मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर का द्वितीय मासिक बैठक श्याम कुटीर किरवई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल शामिल हुए।उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी गठन पश्चात समीक्षा करने पहुंचा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू ने बताया की संगठन विस्तार के बाद द्वितीय मासिक बैठक लेकर संगठन सृजन अभियान के तहत मिली जिम्मेदारी बुथ,पंचायत,एवं वार्ड कमेटी गठन फिंगेश्वर ब्लॉक के 95 प्रतिशत पोलिंग बूथ,पंचायत एवं वार्ड कमेटी का गठन पीसीसी द्वारा निर्धारित समय सीमा 15 अप्रैल के पुर्व पुर्ण कर लिया गया है। जिसका श्रेय उन्होंने बताया कि इस सफलता के पिछे उनके बूथ प्रभारी, एवं मंडल,अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष के कड़ी मेहनत एवं अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के सतत निगरानी कि वजह से संभव हो पाया। रूपेश साहू ने कहा बैठक में बूथ कमेटियों को सक्रिय व सशक्त बनाने, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी साथियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया। यह बैठक श्याम कुटीर किरवई में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डेकेश्वर ठाकुर, डॉ. रमेश साहू, राजेंद्र साहू, मनोज सोनवानी, होरीलाल वर्मा, कुलेश्वर साहू, मुकेश भारती, खिलेश साहू, वीरेंद्र साहू, रोहित साहू, रूद्रेश सिंन्हा, अशोक निर्मलकर, थनेश्वर बंजारे, ईश्वरी साहू, खेमराज सिंन्हा,

# अभनपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहब की 135वीं जयंती



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर**

डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर सद्भावना भवन अभनपुर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी जी ने अपने कहा कि डॉ. अंबेडकर जी ने अपना पूरा जीवन दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश में समानता, न्याय और भाईचारे की नींव रखी डॉ. अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है बाबा साहब की जयंती हर वर्ष उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देती है एवं सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने तथा समाज में समानता व न्याय स्थापित करने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी , नीमा निंबेकर, रेवती यादव, सहदेव कोशरिया, दिनेश अंबिलकर, डोमेन्द्र साहू, राजेश साहू, नीलकमल गिलहरे, हिम्मत सिंह, शोभाराम गिलहरे, तरुण साहू, घासू साहू, प्रमोद सिंह, पूजा साहू, रेणुका साहू, रानू डहरिया, थानसिंह डहरिया, डोमेश सिन्हा, अजय सेन, सतीश साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## नगर के 8 प्रमुख स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलर

**छुरा।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगरवासियों, राहगीरों एवं यात्रियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पंचायत एवं जन सहयोग से नगर के 8 प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित



किए गए हैं। यह व्यवस्था आमजन को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनहितकारी पहल है। कोमाखान रोड विनय गुप्ता दुकान के पास, तिलाई दादर रोड हेमनारायण देवांगन किराना दुकान के पास, बस स्टेशन यात्री प्रतीक्षालय के पास, नगर पंचायत कार्यालय के पास महेश सचदेवा (बाबा ट्रेडर्स) दुकान के पास, सदर रोड शंकर सचदेव इलेक्ट्रॉनिक दुकान के पास, स्टेट बैंक के पास रिंकू सचदेव दुकान के पास, लोहझर रोड सुनील सचदेव दुकान के पास, शिव चौक रोड भोले शंकर जायसवाल दुकान के पास वाटर कूलर लगाया गया है। नगर पंचायत अध्यक्षलुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि भीषण गर्मी के समय राहगीरों, यात्रियों एवं नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है।

# सेवा-संवाद का मिशन है गांव चलो अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका**

भाजपा जिला प्रवक्ता एवं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कांग्रेस द्वारा भाजपा के गांव -चलो, बस्ती- चलो अभियान को नक़ल बताने वालों के ऊपर पलटवार करते हुए कहा कि जो लोग आज भारतीय जनता पार्टी के "गाँव चलो, बस्ती चलो" अभियान को नकल बता रहे हैं, उन्हें ज़मीनी हकीकत देखने की जरूरत है। ये कोई दिखावा नहीं, बल्कि जनता से सीधा जुड़ने का मिशन है। ये अभियान सत्ता का नहीं, सेवा और संवाद का अभियान है। "गांव चलो, बस्ती चलो" यह अभियान भाजपा द्वारा शुरू किया गया एक व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम है, जिसमें कार्यकर्ता सीधे गाँव और बस्तियों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं,



सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हैं, पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ते हैं, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हैं, इसका असली उद्देश्य क्या है? "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" को जमीन पर उतारना गरीब, किसान, मजदूर और अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचाना, जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करना। लेकिन विपक्ष में बैठी कांग्रेस पार्टी दशकों तक सत्ता में रहकर भी जो गांवों तक नहीं पहुंच पाए, आज जब भारतीय जनता पार्टी का "गाँव चलो, बस्ती चलो" अभियान सफल होता नजर आ रहा है, तो उन्हें हर चीज नकल ही नजर आ रही है। सच्चाई कड़वी है, लेकिन साफ है जनता के बीच जाना नकल नहीं, जनता की सेवा करना नकल नहीं, गरीब के घर तक योजनाएं पहुंचाना नकल नही, ये वो काम हैं, जो सालों तक कांग्रेस नहीं कर पाई और आज जब भाजपा कर रही है, तो उन्हें सब नकल नजर आ रहा है।

# गांव चलो अभियान के जरिए जन-जन तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं : साहू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर**



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उपरवारा में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित गांव चलो अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा लोक कल्याण की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेकानेक योजनाएं बनाई गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके इसलिये भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक व सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल तथा जनपद सदस्य संतराम साहू द्वारा भी संबोधित किया गया। आभार प्रदर्शन सोसायटी अध्यक्ष राजू तारवानी ने किया।

इस दौरान आनंदराम साहू, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, मंडल महामंत्री सूरज साहू, मंडल महामंत्री गौरव शर्मा, गोविन्द साहू, सुरेश सेन, अवध साहू, प्रेमलाल साहू, डिगेश्वर साहू, मधुसूदन साहू, ललित साहू व सैंकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

**पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को किया याद**

# जनक ध्रुव पहुंचे नक्सल प्रभावित कुल्हाड़ीघाट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अन्तर्गत घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे कुल्हाड़ीघाट पंचायत के आश्रित ग्रामों में विधायक बनने के बाद बुधवार को बिन्द्रनवागढ़ विधायक जनक ध्रुव पहुंचे तो ग्रामीणों ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। कुल्हाड़ीघाट में पूर्व प्रधानमंत्री राजीवगांधी के प्रतिमा की पूजा अर्चना किया और बेसराझर, गौरमुढ़ ग्रामों में पहुंचे यहां ग्रामीणों ने विधायक को पेयजल समस्या से अवगत कराया बताया कि क्रेड़ा विभाग द्वारा लगाए गए पानी टंकी से पानी नही मिल रहा है साथ ही गांव के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया विधायक जनक ध्रुव ने पैदल गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों के हाल चाल जाने और जल्द ही कुल्हाड़ीघाट में आगामी माह आने की बात कही है इस दौरान सड़क स्वास्थ्य, पशुचिकित्सालए और अश्रित ग्रामो में सड़क के साथ विभिन्न समस्याओं के समाधान के बात विधायक ने कही हैं तथा कई शादी समारोह में शामिल भी हुआ इस दौरान ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, कुल्हाड़ीघाट सरपंच बनसिंह सोरी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### बाईस से भी विधायक पहुंच रहे गांव-गांव तक

इन दिनों क्षेत्र में जहां एक ओर अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गांव-गांव शादी विवाह का धूम मचा हुआ है। विधायक जनक ध्रुव देर शाम रात तक मोटर सायकल से भी विभिन्न कार्यक्रमों शामिल होने पहुंच रहे हैं। विधायक जनक ध्रुव अपने अलग अंदाज के नाम से जाने जाते है। श्री ध्रुव ने चर्चा में बताया की सम्पूर्ण बिन्द्रानवागढ़ विधानसभ क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है उनके द्वारा गांव-गांव सड़क पुल पुलिया पेयजल स्वास्थ्य सुविधा बिजली व समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। उन्होने बताया की विपक्ष में होने के बाद भी क्षेत्र के विकास के सड़क से सदन तक संघर्ष किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में कई पुल पुलिया और अनेक कार्यों की स्वीकृति उनके द्वारा दिलाई गई है।

